बरेली, सोमवार
30 अप्रैल 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Page No : 07 Middle

एसआरएमएस ने इन्वर्टिस को हराया

जागरण संवाददाता, बरेली: परसाखेड़ा के नवनिर्मित मैदान में रविवार को खेले गए रोमांचक फाइनल मैच में एसआरएमएस किंग्स ने इन्वर्टिस डस्ट डेविल्स को दो रन से हराकर बीएल एग्रो कॉरपोरेट क्रिकेट बाश टूर्नामेंट जीत लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस किंग्स ने 20 ओवरों में 124 रन बनाए। जवाब में इन्वर्टिस 122 रन ही बना पाई। इन्वर्टिस को आखिरी 25 गेंदों में 26 रनों की जरूरत थी और उसके केवल चार विकेट गिरे थे लेकिन अगली सात गेंदों में केवल तीन रन बन सके। इससे इन्वर्टिस थोड़ा दबाव में आ गई। इन्वर्टिस को अंतिम ओवर में सिर्फ आठ रन की जरूरत थी, तब एसआरएमएस के कप्तान आदित्य मूर्ति ने गेंदबाजी मोहंती को दी और उन्होंने पहली तीन गेंदों में सिर्फ तीन रन दिए। इसके बाद दो रन और बने। अंतिम गेंद पर तीन रन की दरकार थी लेकिन मोहंती ने विकेट चटकाकर दो रन से जीत दिला दी। मनीष सिंह ने चार ओवर में दो रन देकर दो विकेट हासिल किए, उन्हें मैन ऑफ मैच चुना गया। इस मौके पर महापौर उमेश गौतम, बीएल एग्रो के प्रबंधक निदेशक घनश्याम खंडेलवाल, रागिनी खंडेलवाल, आशीष खंडेलवाल, धीरज अग्रवाल, एएन सिंह, प्रेमबाबू शर्मा, अजय सिंह, संजीव अग्रवाल, मयंक सिंह, अर्पित अग्रवाल, डॉ. सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

बीएल एग्रो में क्रिकेट के फाइनल मे विजेता एसआरएमएस व उपविजेता इंवर्टिज की टीम ट्राफी व मुख्य अतिथि के साथ • जागरण

अंतिम गेंद तक चला रोमांचक मैच दो रन से एसआरएमएस जीता